पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम,
चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NIGAM/ SCIENCE LAB / 2026/05

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय यथा अथमलगोला (पटना), नवादा, अरवल, किशनगंज, बेगुसराय एवं गोपालगंज एवं आवश्यकतानुसार अन्य जिलों में भौतिकी, रसायनशास्त्र एवं जीवविज्ञान प्रयोगशाला के अधिष्ठापन हेतु अनुभवी एवं योग्य फर्म/प्रतिष्ठान से सीलबंद अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के कार्यालय में दिनांक–01/10/2026 से दिनांक–13/10/2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक समर्पित की जा सकती हैं।

निविदा के संबंध में विवरणी एवं विहित प्रपत्र दिनांक–12/10/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक रू० 1,000/– (एक हजार रूपये) मात्र नगद जमा कर निगम कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

29/09/2026

प्रबंध निदेशक
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम,
पटना।

Nivida